मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-275
22/04/2023

# ईद के अवसर पर सभी को मुबारकबाद, सभी लोग आपसी प्रेम एवं भाईचारा के साथ ईद मनायें – मुख्यमंत्री

पटना 22 अप्रैल 2023 :– ईद–उल–फितर के अवसर पर आज मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार गॉधी मैदान पहुँच कर इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी से मुलाकात कर उनसे मोसाफा किया और ईद की मुबारकबाद पेश की। इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को भी ईद की मुबारकबाद दी तथा बिहार की सुख, समृद्धि, प्रगति, उन्नति एवं विकास की कामना की।

इससे पूर्व इदैन कमिटी के सदर श्री महमूद आलम ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को गुलदस्ता भेंटकर एवं साफा पेश कर उनकी इज्जत अफजाई की। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने तमाम नमाजियों सहित मुस्लिम भाई–बहनों एवं बिहारवासियों तथा देशवासियों को ईद की मुबारकबाद एवं बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री लोगों से गले मिलकर, हाथ मिलाकर भी ईद की मुबारकबाद दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री राकेश राठी, जिलाधिकारी, पटना श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना श्री राजीव मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि ईद के अवसर पर मैं सभी को मुबारकबाद देता हूँ। वर्ष 2006 से ही ईद के मौके पर हम यहां आते रहे हैं। पिछले दो वर्ष 2020 और 2021 में कोरोना के कारण इसका आयोजन नहीं हो पाया था। ईद के मौके पर यहां आकर मुझे खुशी होती है। यहां अच्छा माहौल है। रमजान के इस पवित्र महीने में लोग एक माह तक रोजा रखते हैं। इस दौरान हम अनेक जगहों पर जाते हैं। सभी लोग प्रेम के साथ इस पर्व को मनाते हैं। आपस में प्रेम और भाईचारा का भाव बना रहना चाहिये। सभी लोग प्रेम एवं भाईचारा के साथ ईद मनायें। समाज के हर तबके के उत्थान के लिए हम काम करते हैं। चाहे किसी भी धर्म के माननेवाले हों, सबका सम्मान करते हैं, सबकी इज्जत करते हैं। आपस में प्रेम और भाईचारा का भाव बना रहे, इसके लिए जो संभव हो प्रयास करते हैं। ईद के अवसर पर हमारी सभी को शुभकामनाएं हैं।

******